
डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 25 अप्रैल, मंगलवार, 2023

# कर्नाटक से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

कुर्सी की खातिर भाजपा ने जिस कर्नाटक में जहर बोया था, कांग्रेस ने उसी कर्नाटक से भाजपा के सफाये की शुरूआत कर दी है। भाजपा के झूठ और प्रोपेगेंडा को नकारकर कर्नाटक की जनता कांग्रेस के मोहब्बत और विकास का परचम बुलंद कर रही है। लोगों की समझदारी से एक विकास विरोधी और जनता द्रोही सोच का अंत करीब दिख रहा है।

कर्नाटक में तोड़–जोड़कर सरकार बनाने वाली इखढ ने अपने वोट बैंक की खातिर खुलेआम सांप्रदायिकता को पाला–पोषा, जनता को कई बार दंगों की आग में धकेलने की कोशिश की। सत्ता में वापसी के लिए भाजपा ने कोई कुकर्म नहीं छोड़ा, मगर कांग्रेस के प्रति जनता की मोहब्बत ने सब पर पानी फेर दिया। भाजपा की सरकार में धर्म और समुदाय के अलावा किसी दूसरे मुद्दे पर चर्चा ही नहीं हुई। जबकि तमाम जरूरी मुद्दे मुंह बाए पड़े हैं, मगर उन पर कौन बात करें? 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार को अपने झूठ–प्रोपेगेंडा पर पूरा भरोसा था, इसलिए उसने प्रदेश के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। प्रदेश के किसानों, बेरोजगारों, नौजवानों और महिलाओं की सहूलियत के लिए एक भी प्रभावी योजनाएं नहीं चलाई। कभी हिंदू बनाम मुस्लिम तो कभी उत्तर बनाम दक्षिण के नाम पर समाज में आग लगाने की पुरजोर कोशिश की।



नतीजतन, भाजपा के भ्रष्टाचार से आजिज जनता का कांग्रेस की जनप्रिय नीतियों में भरोसा बढ़ा, कांग्रेस की मोहब्बत वाली विचारधारा में विश्वास पनपा, राहुल गांधी के साहस से भय और भ्रष्टाचार के विरूद्ध नई ताकत मिली।

आज बड़ी तादाद में भाजपा के दिग्गज नेता भाजपा के डूबते जहाज से कूद गए हैं, कई कूदने की फिराक में हैं। पार्टी का नेतृत्व करने के लिए मोदी जी ने हाथ जोड़कर जिस नेता को मनाया, वो खुद भाजपा के सफाए की भविष्यवाणी कर रहा है। येदियुरप्पा डंके की चोट पर कह रहे हैं कि भाजपा केवल हारेगी नहीं, बल्कि साफ हो जाएगी।

भाजपा की नफरत और झूठ ने आज पूरे देश को महंगाई, बेरोजगारी और भुखमरी के गर्त में धकेल दिया है। अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है, जनता की सुनने वाला कोई नहीं है।

ऐसे में जनता को उस दिन का बेसब्री से इंतजार है, जब पूरे देश को भाजपा के भ्रष्टाचार और उन्माद से छुटकारा मिले। शायद वह दिन भी बहुत दूर नहीं है, क्योंकि कर्नाटक से शुरुआत हो चुकी है।

# देश की पंचायती राज व्यवस्था राजीव गांधी की देन : डॉ0 संजय कुमार

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 संजय कुमार ने प्रदेश वासियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण और विकेंद्रीकरण के इतिहास में यह दिन काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 इसी दिन लागू हुआ था।

1959 में पंचायती राज की जो मजबूत नींव देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रखी यही उस को संवैधानिक रूप से सुद्रढ़ राजीव गांधी द्वारा किया गया। डॉ0 संजय ने कहा कि पंचायती राज संस्थायें भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधार हैं और लोकतंत्र को भारत के हर गांव- कस्बे तक ले जाती हैं। महात्मा गांधी द्वारा जो ग्राम स्वराज का सपना देखा गया था उसे कांग्रेस पार्टी द्वारा पंचायतों को अधिकार दे कर पूरा किया गया। पंचायती राज दिवस की शुरुआत 24 अप्रैल 2010 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह द्वारा किया गया था।

गांव और पंचायत को सशक्त करने से ही देश सशक्त होगा। हम सब को मिलकर महात्मा गांधी के सपनों, नेहरू जी की पहल और राजीव गांधी के प्रयासों को राहुल गांधी के नेतृत्व में सफल करना है। बिहार में कांग्रेस सेवा दल का गांव- गांव और हर पंचायत में विस्तार किया जायेगा, जिससे कांग्रेस और पंचायतीराज को बिहार में और मजबूत किया जा सके।








पूरा कर्नाटक कांग्रेसमय हो चुका है,
चप्पा- चप्पा Rahul Gandhi जी के नाम का उद्घोष हो रहा है।

# कर्नाटक के चिकमगलूर में कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनसभा को संबोधित किया। कर्नाटक की जनता 40% कमीशन वाली भ्रष्ट इखढ सरकार को करारा जवाब देगी और आगामी चुनाव में इसे उखाड़ फेंकेगी।









# छिंदवाड़ा जंक्शन को भारत की बड़ी रेल लाइन के नक्शे लाने वाले संकल्पवान कमलनाथ जी

पटना । कांग्रेस दर्पण

24 अप्रैल 2023 को छिंदवाड़ा से सिवनी नैनपुर और नैनपुर से छिंदवाड़ा बड़ी लाइन की शुरुआत हो रही है इसी की साथ रीवा से छिंदवाड़ा से इतवारी ट्रेन की शुरुआत हो रही है इसका पूरा श्रेय जाता है सकल्पवान युगपुरुष कमलनाथ जी को । प्रश्न क्या ये संभव है की रेल पटरी न बिछी हो और उस पर कोई ट्रेन चल जाए आपका जवाब होगा जी बिना पटरी ये संभव नहीं बस ये ही बात कमलनाथ जी की जब कमलनाथ जी केंद्रीय मंत्री थे तब उन्होंने 23 अप्रैल 2011 को छिंदवाड़ा से नैनपुर आमान परिवर्तन का शिलान्यास भी किया और तत्कालीन यूपीए सरकार से इस परियोजना के लिए भरपूर बजट भी दिलवाया । जब तक कमलनाथ जी केंद्र में मंत्री रहे तक इस प्रोजेक्ट की रफ्तार में तेजी रही। संकल्पवान कमलनाथ जी जानते थे की आमान परिवर्तन तो हो रहा है पर यदि इसमें इलेक्ट्रीफिकेसन नही हुआ तो इस आमान परिवर्तन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा ।इसी को ध्यान रखते हुए कमलनाथ जी ने आमान परिवर्तन



के साथ नागपुर से छिंदवाड़ा से आमला और छिंदवाड़ा से सिवनी से नैनपुर रेलवे ट्रेक के लिए इलेक्ट्रीफिकेसन का भी कार्य के लिए बजट दिलवा दिया जिससे अमान परिवर्तन के साथ इलेक्ट्रिक की भी पावर मिले जिससे सुपरफास्ट ट्रेनों को चलने का रास्ता साफ हो जाए। आमान परिवर्तन के साथ इलेक्ट्रीफिकेसन का काम भी पूरा हो ताकि जिससे छिंदवाड़ा जंक्शन भारत देश के सभी महानगरों के। साथ जुड़ जाएं। अमूमन रेलवे जब तक आमान परिवर्तन नहीं करती तब तक इलेक्ट्रीफिकेसन नही करती परंतु ये कमलनाथ जी का दबाव था की रेलवे को उस प्रोजेक्ट के लिए भी फंड देना पड़ा जो की अभी गर्भ में था।पर यदि कमलनाथ जी उस वक्त ये इलेक्ट्रीफिकेसन का बजट नही दिलवाते तो शायद आज जो ये ट्रेन प्रारंभ हो रही है वो नही हो पाती। और ये कमलनाथ जी की जादू है की जल्द ही छिंदवाड़ा से वंदे भारत ट्रेन के रूप में रीवा जबलपुर छिंदवाड़ा बैतूल से चलकर इंदौर चालू करने की तैयारी रेलवे बोर्ड कर रहा है क्योंकि कमलनाथ जी के कारण छिंदवाड़ा ही नही अपितु रेलवे को भी करोड़ों का फायदा होगा। क्यों की इस रेलवे लाइन के प्रारंभ हो जाने से जो जबलपुर की ट्रेन नरसिंहपुर,इटारसी, आमला, होकर नागपुर पहुंचती थी अब वो सीधे सीधे जबलपुर छिंदवाड़ा होकर नागपुर पहुंचेगी। जिससे नागपुर रेलवे स्टेशन का भी भार कम होगा जो को अत्यधिक ट्रेनों के दबाव से अपनी क्षमता खोता जा रहा था।और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने के लिए रेलवे को भी अब एक नया मार्ग मिल गया है जिससे महत्वपूर्ण उद्देश्य की ट्रेन नागपुर स्टेशन से न जाते हुए । इस नए मार्ग से छिंदवाड़ा इतवारी होते हुए अपनी गंतव्य स्थल को आसानी से जा पाएगी। अभी तो ये एक छोटी से शुरुआत कमलनाथ जी देश के पटल में छिंदवाड़ा जंक्शन को महत्त्वपूर्ण स्थान दिलाने के लिए को बीज लगाया था अब उसका फल धीरे धीरे इन ट्रेनों के माध्यम से छिंदवाड़ा एवँ सिवनी जिले की जनता को मिलना प्रारंभ हो रहा है।

**दुर्गेश दुष्यंत दुबे**
**छिंदवाड़ा**

## बहुत जल्द होगी बैठक : जिला अध्यक्ष



भोजपुर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी बहुत जल्द जिला कमिटी के साथ सभी विधान सभा अध्यक्ष,इनकी कमिटी, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष और इनकी कमिटी की बैठक करेगी ! सभी लोगों जो भोजपुर जिला अंतर्गत जिस पद पर हैं वे अपनी तैयारी पूरी कर ले अन्यथा किसी भी तरह की बहाना सुना नहीं जाएगा ! जो भी निर्णय लिया जाएगा वह पार्टी के हित में होगा !




# राहत.बचत.बढ़त महंगाई राहत कैंप



पटना।कांग्रेस दर्पण

प्रशासन गांवों के संग अभियान में डग पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हरनावदा में गहलोत सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं का सीधा आम जनता को तोहफा

डग 24 अप्रैल शिविर के शुभारंभ समारोह में प्रधान प्रतिनिधि भैरोसिंह परिहार,पूर्व विधायक मदन लाल वर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कचनारा,सरपंच ईश्वर सिंह गुनाई,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तिसाई, प.स. सदस्य अजय नागर आदि के साथ शिरकत की इस दौरान जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार समेत सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

2023 में पुनः कांग्रेस
धन्यवाद गहलोत सरकार

# तथागत का वन गमन

राहुल गाँधी का आशियाना छीन लेना...........
जाता हूं तात मेरे दुनिया की ओट में।

वन के किसी छोड़ पर सत्य की खोज में।

पर्वत की खोह में निर्जन वन में।

कांटे या शूल हों वन घनघोर वन में।

प्राणी में प्रेम हो ऐसी मेरी चाह है।

ईश्वर की भक्ति और नहीं मांग है।

जप करो तप करो करो ईश भक्ति।

ममता की आश तजो आदिशक्ति।

नश्वर तन है नाशवान ममता।

क्यों नहीं त्यागता कैसी है मुखर्ता।

यदि तात प्रेम है तो क्यों तजता।

त्याग-त्याग निज क्यों भागता।

सोनिया जी कहिंन----------------

जाओ जाओ लाल में रास्ता को छोड़ दो।

वस्त्र को ज्यों त्यागता
उसको भी त्याग दो।

...... तेरी अवस्था प्यार पाने की है।

वन में न जाओ दानव का वास है।

जंगल के राह में कांटे गरेंगे।

भालू और बंदर बिस्तर मिलेंगे।

भूल के न जाना अंधेरी निशा में।

दुनिया की बात में या चिंता की गोद में।

चांदनी रात में तारे चमकते।

तारों की छवि देख जीव हर्षाते।

तेरी अवस्था प्यार पाने की है।

देश के लिए तो तेरे पूर्वजों ने बलि दिया।

रचयिता......रणजीत कुमार मुखिया जी,पूर्व जिला सचिव,बेगूसराय काँग्रेस कमिटी।



# आज की चिट्ठी

24 अप्रैल 2023

आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

कुछ पाठ्यक्रमों में भारत के इतिहास को संशोधित करने के समाचार आ रहे हैं . इतिहास से सबक सीखा जाता है, इतिहास प्रेरणा देता है, इतिहास का ज्ञान हमें हमारे अतीत के संघर्षों को याद दिलाते हुए, भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। इतिहास को किताबों से मिटा देने या तारीखों में हेरफेर करने से, इतिहास और उसके नायकों - खलनायकों पर तो कोई असर नहीं पड़ेगा, अपितु देश में अल्पशिक्षित- अंधभक्त तैयार होंगे ।

ग्लोबल विलेज अर्थात वैश्विक ग्राम और इन्टरनेट के युग में, भारत की भावी पीढ़ी का इतिहास का ज्ञान और विश्व के इतिहास की जानकारी में जो विरोधाभास आ जाएगा वह चिंतनीय है।

सादर

राकेश राणा
जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड



# भू-सम्पदा को संरक्षित करने का निर्णय



**पटना।कांग्रेस दर्पण**

सिवान जिला कॉंग्रेस भू-सम्पदा प्रभारी रमाकान्त सिंह के अध्यक्षता में भू-सम्पदा संरक्षण समिति की जिला कार्यालय में बैठक हुई।बैठक में उपस्थित कॉंग्रेसजनों द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया और सिवान शहर एवं सिवान जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्ड मुख्यालयों में स्थित कॉंग्रेस की भूमि को संरक्षित करने और अतिक्रमित भाग को मुक्त कराने के लिये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

इसकी सूचना बिहार प्रदेश कॉंग्रेस तथा अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी को भेज दी गयी।बैठक में सिवान जिला कॉंग्रेस के अध्यक्ष डां.विधुशेखर पण्डये,पूर्व जिला अध्यक्ष शिवधारी डुबे,प्रदेश प्रतिनिधि डा.एहतेशाम अहमद एवं सुशील कुमार,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र,बच्चा तिवारी आदि शामिल हुए।

रमाकान्त सिंह( पूर्व कॉंग्रेस प्रत्याशी )
प्रतिनिधि-बिहार प्रदेश कॉंग्रेस,पटना
उपाध्यक्ष-जिला कॉंग्रेस कमिटी,सिवान।


# कवि रामधारी सिंह दिनकर जी का आज जन्मदिन मनाया गया



**पटना।कांग्रेस दर्पण**

बगहा में देश के जाने माने कवि रामधारी सिंह दिनकर जी का आज जन्मदिन मनाया गया।

सुजीत कुमार सोनी उपाध्यक्ष पश्चिमी चंपारण जिला युवा कांग्रेस ने कहा दिनकर' स्वतन्त्रता पूर्व एक विद्रोही कवि के रूप में स्थापित हुए और स्वतन्त्रता के बाद 'राष्ट्रकवि' के नाम से जाने गये। छायावादोत्तर कवियों की पहली पीढ़ी के कवि थे एक ओर उनकी कविताओ में ओज, विद्रोह, आक्रोश और क्रान्ति की पुकार है तो दूसरी ओर कोमल शृंगारिक भावनाओं की अभिव्यक्ति है। सभा में उपस्थित शेषचं यादव, तुफैल अहमद, हरी पारित, चंदा राम, मुकेश प्रसाद, रामजी , भुनेश्वर मिश्र, उमेश यादव।



# पूर्व मंत्री बेनीवाल ने कांकड़वाला में किया महंगाई राहत कैंप का उद्घाटन, शिविर में अलग-अलग स्टॉलो का लिया जायजा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

### बड़ेरण कालू में हुआ शिविर का आयोजन


लूणकरणसर 24 अप्रैल । प्रदेश में सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट माने जाने वाले महंगाई राहत शिविरों का आज से आगाज हो गया है। पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल ने सोमवार को लूणकरणसर की कांकड़वाला कालू ग्राम पंचायत में महंगाई राहत शिविर का उद्घाटन किया और शिविर में लगी अलग-अलग स्टॉलों पर जाकर उनका जायजा भी लिया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई राहत शिविर को देश के पहले ऐतिहासिक महंगाई राहत कैंप का नाम दिया है इसके जरिए सरकार की 10 प्रमुख योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार इन महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से सीधे जनता से जुड़ने की कोशिश कर रही है. इन कैंपों में सरकार की प्रमुख 10 योजनाओं का लाभ जनता को देने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाए जा रहे हैं इन 10 योजनाओं में दो योजनाएं कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी हुई भी हैं. ये कैंप 24 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून तक चलेंगे. उन्होंने ग्रामीणों से इन कैंपों में रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की ।



उपखंड अधिकारी संजीव वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की दस महत्वाकांक्षी योजनाओ को लागू करने के लिए इन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है यहां सभी विभागों की स्टॉल लगाई गई है उन्होंने ग्रामीणों से अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया ।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व प्रधान गोविन्दराम गोदारा ने कहा कि महंगाई राहत कैंपों में कृषि एवं पशुपालन की दो योजनाओं के अलावा मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना और मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. मौके पर विकास अधिकारी शीला देवी तहसीलदार रामनाथ शर्मा केवीएसएस चेयरमैन मूलाराम कळ्कळ पूर्व चेयरमैन बाबू खा कुरेशी डेलाणा मंडल अध्यक्ष कालूराम सियाग बामनवाली मंडल अध्यक्ष भंवरलाल शर्मा कालू मंडल अध्यक्ष रतनलाल बांठिया महाजन जीएसएस अध्यक्ष पुरखाराम मूण्ड बामनवाली सरपंच उमाशंकर सोनी पूर्व सरपंच हेतराम मेघवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

**1993 में आज ही के दिन, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के प्रयासों से 73वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाया, महिलाओं को एक तिहाई हिस्सेदारी दी। राजीव गांधी जी की दूरदर्शी सोच ने पंचायती राज को मजबूत कर ग्रामीण अंचल तक विकास और अधिकारों की गंगा पहुंचाई।**



# गांधी का सपना, नेहरू की नींव, राजीव का प्रस्ताव तथा मनमोहन द्वारा शुरू किया गया पंचायती राज दिवस : कांग्रेस

संवादाता। कांग्रेस दर्पण

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में * गांधी का सपना, नेहरू का नींव, राजीव का संशोधन, मनमोहन द्वारा शुभारंभ पंचायती राज दिवस की प्रासंगिकता * विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने किया तथा संचालन प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष मो सरवर खान ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल 2010 को पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया था जिसकी परिकल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की थी, इसकी नींव पंडित जवाहरलाल नेहरु ने रखी, तथा राजीव गांधी द्वारा प्रस्तावना तैयार किया गया था।

नेताओ ने कहा की भारत कृषि प्रधान देश है, भारत का दिल गांवों में बसता है तथा देश की पहचान उसके गांवों से होती है। भारत में तकरीबन छह लाख से अधिक गांव है, जो छह हजार से अधिक ब्लॉक और 750 से अधिक जिलों में बंटे हुए है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, इस देश को सिर्फ केंद्र सरकार या राज्य सरकार ही पूरी तरह चलाने में सक्षम नहीं है क्योंकि देश को हर स्तर पर चलाने की जरूरत होती है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर भी प्रशासन की व्यवस्था की गई है, इसी व्यवस्था का पंचायती राज का नाम दिया गया है।




पंचायती राज में गांवो के स्तर पर ग्रामसभा, ब्लॉक स्तर पर मंडल परिषद और जिला स्तर पर जिला परिषद होता है, इन सभी संस्थानों के लिए सदस्यों का चुनाव होता है जो जमीनी स्तर पर शासन का बागडोर संभालते है।

नेताओ ने कहा की पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जाता है , इसकी शुरुआत 2010 में की गई है , यह दिन 1992 में संविधान के 73 वें संशोधन के अधिनियम का प्रतीक ही इस ऐतिहासिक संशोधन के जरिए जमीनी स्तर की शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया गया और पंचायती राज का नाम की एक संस्था की बुनियाद रखी गई।

गोष्ठी को पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, टिंकू सिंह, लुलन सिंह, उदय शंकर पालित, मुरारी शर्मा, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, मो समद, असरफ इमाम, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, रूपेश चौधरी, अशोक राम, आदि ने संबोधित किया।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## सेवा मे ,

सभी सम्मानित मुजफ्फरपुर जिला कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि ,एनएसयूआई के सभी कोषांग के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि ,यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ट सहित अन्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण , जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी , नगर एवं प्रखंड अध्यक्ष गण ,राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल , बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह एवं प्रदेश प्रभारी भक्त चरण दास जी के सख्त निर्देशानुसार 25/04/23 को जिला समाहरणालय परिसर मे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी के साथ एकजुटता एवं मोदी अडानी के द्वारा राष्ट्रीय संपति की लुट पर घरना पर्दशन 11अटसे 2PMतक रखा गया है । अतः आप सभी से अनुरोध है की अपनी पुरजोर शक्ति से नियत समय पर अधिक से अधिक संख्या मे पहुँचकर हमारे नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँघी एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के संघर्ष को घार प्रदान करे । आप सभी की उपस्थिति सहयोगीयो के साथ आवश्यक है ।

निवेदक :-

अरविंद कुमार मुकुल,
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमिटी,
मुजफ्फरपुर बिहार







# बेगूसराय में मनायी गयी दिनकर जी की पुण्यतिथि

पटना । कांग्रेस दर्पण

दिनांक 24/04/23 रोज सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी बेगूसराय की ओर से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की पुण्यतिथि बेगूसराय कांग्रेस भवन में मनाया गया।

पुण्यतिथि के उपरांत राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर सेवादल के रक्त वीरों को चादर एवं माला से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बेगूसराय नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व पार्षद ब्रजेश कुमार प्रिंस ने किया एवं संचालन पूर्व सचिव रणजीत कुमार मुखिया जी ने किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अखिल भारतीय कांग्रेस के डेलीगेट कांग्रेस नेता अभय कुमार सिंह सारजन, बिहार प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट रामविलास सिंह, पूर्व प्रदेश डेलीगेट पंचायती राज कांग्रेस के पदाधिकारी रामानंद सिंह, प्रदेश डेलीगेट संजय कुमार सिंह, मटिहानी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुँवर, कांग्रेसी नेता आलोक कुमार अधिवक्ता, सोशल मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष कुशमेश कुमार अधिवक्ता, नगर कांग्रेस के अभिषेक कुमार, मोहम्मद नवाब आलम, नवल राय, सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।



राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर सेवा दल के रक्तवीरों को सम्मानित किया गया।

जिनमें मंजेश कुमार, विवेक कुमार, कुंदन कुमार, विकास कुमार, तुलसी कुमार, ऋषि कुमार, राहुल कुमार, सुबोध कुमार, प्रिंस कुमार, सहित अन्य रक्तवीर सम्मानित हुए।


सम्मान कार्यक्रम से पूर्व राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वक्ताओं ने विस्तार से उनके जीवन चरित्र को लोगों के बीच रखा।

इस कार्य के लिए आगत अतिथियों ने नगर कांग्रेस कमेटी की सराहना की।


और कहा कि ऐसे कार्य से सामाजिक संगठनों को प्रोत्साहन मिलता है।

और लोग सामाजिक कार्यों में अपना योगदान निस्वार्थ भाव से देते रहते हैं वैसे सामाजिक संगठन को सम्मान देना सबसे उत्तम कार्य है।

राष्ट्रकवि दिनकर सेवादल के साथियों ने सम्मान कार्यक्रम के आयोजन के लिए नगर कांग्रेस कमेटी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।




असम के पूर्व मुख्यमंत्री और मद्रास राज्य के राज्यपाल बिष्णुराम मेधी जी की जयंती पर हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एक स्वतंत्रता सेनानी और सक्षम प्रशासक, असम राज्य और भारत के लिए उनका समर्पण प्रेरणादायक है।




राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री टीकाराम पालीवाल जी की जयंती पर सादर नमन। स्वाधीनता आंदोलन में भागीदारी निभाने एवं राजस्थान में भूमि सुधारों के जनक माने जाने वाले सादगी पसंद श्री टीकाराम पालीवाल जी का प्रदेश के विकास में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।